All India Loco Running Staff Association

HQ Office : Aravindappalli, Lower Beniasole, Post-Adra Dist. Purulia (WB) Pin -723121
Central Office : AILRSA BHAVAN H.No. 333, Bhoor Bharath Nagar, Ghaziabad - 201001

Registration Number : 17903 | East Central Railway Hajipur | Website : www.ailrsa.com

D.P. SRIVASTVA
PRESIDENT
New Barbatta Colony
Ramjatan Nagar Sonpur
Mobile - 7250570737

A.K.RAUT
GENERAL SECRETARY
Jitwarpur Nijamat Samastipur
Mobile - 9771429424,9431666028
E-mail : routak88@gmail.com

L. No. GS/ AILRSA/ ECR/Memo./7/2026 **Date : 07/07/2026**

सेवा में,

माननीय महाप्रबंधक,

पूर्व मध्य रेल, हाजीपुर।

विषय - DHN मंडल में Dated - 06/07/2026 को कोडरमा में पदस्थापित CLI सह Crew Lobby Incharge की संदिग्ध परिस्थिति में ट्रेन से Run Over से मौत की जांच उनकी पत्नी के द्वारा Police Complain के मद्देनजर कराने और Sr. DEE (OP) DHN को तत्काल TRO विभाग से अलग रखने हेतु ज्ञापन।

मान्यवर,

हमारा संगठन तथा ECR के समस्त लोको रनिंग स्टॉफ एवं मुख्य लोको निरीक्षक, कल DHN मंडल के कोडरमा में पदस्थापित CLI सह Crew Lobby Incharge श्री बंगाली चंपीया जी की संदिग्ध परिस्थिति में गाड़ी संख्या -12302 DN राजधानी एक्सप्रेस से कोडरमा जंक्शन यार्ड में Run Over से असामयिक और दर्दनाक मौत से काफी आहत है और भारी रोष एवं क्षोभ व्याप्त है। रेलवे ट्रैक पर अहले सुबह Run Over से उनकी मौत की असली वजह तो अब पुलिस जांच के दायरे में है लेकिन आज देर रात उनकी धर्मपत्नी ने GRP कोडरमा को दिए अपने लिखित शिकायत में इस मौत की परिस्थिति, मौत की वजह और इसके लिए Sr. DEE (OP) धनबाद श्री रजत कुमार सिंह को सीधे तौर पर जिम्मेदार ठहराया है।

इतना ही नहीं विभिन्न Social Media platform पर उनकी पत्नी और बच्चों का रोते बिलखते बयान और विडियो भी इस मौत की वजह और जिम्मेदार व्यक्ति की गवाही दे रहा है। यह घटना से केवल DHN मंडल ही नहीं बल्कि संपूर्ण भारतीय रेलवे के लोको रनिंग स्टॉफ तथा मुख्य लोको निरीक्षक काफी क्षुब्ध और आक्रोशित है।

महोदय, धनबाद मंडल जैसे कठिन भौगोलिक वातारण एवं प्रदूषित क्षेत्र में CLI महोदय के पर्यवेक्षण में लोको रनिंग स्टॉफ दिन रात काम करते हुए DHN मंडल को भारतीय रेलवे में प्रथम स्थान दिलाए हुए हैं। लेकिन ऐसे कुशल पर्यवेक्षक और लोको रनिंग स्टॉफ के साथ पिछले एक वर्ष से वरीय मंडल विद्युत अभियंता (परिचालन) श्री रजत कुमार सिंह, सार्वजनिक रूप से कभी क्रू लॉबी में सेफ्टी सेमिनार, कभी प्लेटफार्म पर तो कभी छोटी छोटी बात पर अपने कक्ष में बुलाकर मां- बहन और बीबी को भद्दी भद्दी गालियां देते और कभी धक्का मुक्की

कर तो कभी जूते- चप्पल निकल कर जलील करते हैं। ऐसे दर्जनों घटना का विवरण और साक्ष्य हमारे संगठन के पास उपलब्ध है लेकिन चूंकि ये हमारे विभाग की इस कुर्सी पर बैठे हैं इसलिए सभी लोग स्वतंत्र रूप से अपनी गवाही देने से परहेज कर रहे हैं।

मृतक CLI महोदय की धर्मपत्नी द्वारा GRP कोडरमा में लिखित शिकायत की निष्पक्ष जांच तभी संभव होगी जब इन्हें तत्काल TRO विभाग के इस पद से अलग रखा जाएगा। वैसे भी इन्होंने अपने इस कार्यकाल में लोको रनिंग स्टॉफ और रनिंग पर्यवेक्षक को चार्ज शीट, निलंबन, वेतन वृद्धि पर रोक की आर्थिक सजा देकर तनाव, दहशत और भय के वातावरण में कार्य करने के लिए मजबूर कर दिया है जिस से मानवीय भूलवश गाड़ी संचालन के दौरान किसी अप्रिय घटना से इंकार नहीं किया जा सकता है। हमारे संगठन के द्वारा DHN मंडल में लोको रनिंग स्टॉफ की विभिन्न ज्वलंत समस्याओं पर श्रीमान को कई दफा ज्ञापन देकर समाधान की गुजारिश की गई है लेकिन आज भी स्थिति यथावत बनी हुई है। ऊपर से हमारे ब्रांच अधिकारी का लोको रनिंग स्टॉफ कैडर के साथ इस तरह की बदसलूकी , दुर्व्यवहार और प्रताड़ना जले पर नमक छिड़कने के समान है।

अत: श्रीमान से हमारा संगठन पुनः आग्रह करता है कि उपरोक्त वर्णित गंभीर स्थिति पर अपने स्तर से हस्तक्षेप कर इस मामले की निष्पक्ष जांच के लिए और लोको रनिंग स्टॉफ तथा रनिंग पर्यकेक्षक के आक्रोश को नियंत्रित रखने के लिए तत्काल Sr. DEE (OP) महोदय को TRO के वर्तमान पद से अलग रखते हुए अपने स्तर से भी निष्पक्ष जांच कराने की कृपा करें तथा मृतक के परिवार को यथाशीघ्र देय समापक भुगतान एवं उसके आश्रित को अनुकंपा नियुक्ति प्रदान कराने की कृपा करेंगे।

भवदीय

A.K Raut

(ए. के राउत)

जोनल महासचिव/AILRSA/ECR